मध्यप्रदेश विधान सभा

मार्च – मई 1991 सत्र

दैनिक कार्य सूची

मंगलवार, दिनांक 12 मार्च, 1991 (फाल्गुन 21, 1912)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन का उल्लेख

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख-

(1) श्री भैयालाल सिरोलिया, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा
(2) श्री महादेव जोशी, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा
(3) श्री कड़ोरेलाल चौधरी, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा
(4) श्री बल्लभदास महाजन, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा
(5) श्री शरीफ मास्टर, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा
(6) डा. रघुवीर सिंह, भूतपूर्व राज्य सभा सदस्य
(7) श्री रघुवीर सहाय, सुप्रसिद्ध कवि एवं साहित्यकार

2. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिए जायेंगे.

3. अध्यादेशों का पटल पर रखा जाना

श्री बाबूलाल गौर, विधि और विधायी कार्य मंत्री, निम्नलिखित अध्यादेशों को पटल पर रखेंगे :-

(1) चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय अध्यादेश, 1991 (क्रमांक 1 सन् 1991).
(2) मध्यप्रदेश गंगाजली निधि न्यास (संशोधन) अध्यादेश, 1991(क्रमांक 2 सन् 1991).

4. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री कैलाश जोशी, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार नेपा लिमिटेड का वार्षिक विवरण एवं लेखा वर्ष 1989-90 पटल पर रखेंगे.

(2) श्री कैलाश चावला, गृह मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मैंगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड की 28 वां वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 1989-90 पटल पर रखेंगे.

(3) श्री रामहित गुप्त, वित्त मंत्री, भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के खण्ड (2) की अपेक्षानुसार :-

(क) वित्त लेखे वर्ष 1988-89.
(ख) विनियोग लेखे वर्ष 1988-89.
(ग) भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक का प्रतिवेदन, दिनांक 31 मार्च, 1989 को समाप्त वर्ष का संख्या 2 (सिविल) पटल पर रखेंगे.

5. दिसम्बर, 1990 सत्र के प्रश्नों के अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तरों का पटल पर रखा जाना

6. नियम 267-क के अधीन दिसम्बर, 1990 सत्र में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना

7. राष्ट्रपति/राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना

8. नियम 138(1) के अधीन ध्यानाकर्षण

(1) सर्वश्री प्रकाश जैन/विश्वेश्वर भगत/जगदम्बा प्रसाद निगम, सदस्य, मध्यप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा किराये में की गई वृद्धि की ओर राज्य मंत्री, परिवहन का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) सर्वश्री सत्यनारायण शर्मा/अनूप मिश्रा/उदय प्रकाश मिश्र, सदस्य, दुग्ध महासंघ भोपाल द्वारा दूध के भावों मे की गई वृद्धि की ओर राज्य मंत्री, पशुधन तथा डेयरी विकास का ध्यान आकर्षित करेंगे.

9. सभापति तालिका की घोषणा

10. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री लक्ष्मीनारायण गुप्त, राजस्व मंत्री, मध्यप्रदेश गंगाजली निधि न्यास (संशोधन) विधेयक,1991 (क्रमांक 5 सन् 1991) के पुरः स्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरः स्थापित करेंगे.

निर्धारित समय

11. अध्यादेश के अननुमोदन का संकल्प

श्री जगदम्बा प्रसाद निगम, सदस्य निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगेः--
" यह सदन मध्यप्रदेश के राज्यपाल द्वारा बनाये गये मध्यप्रदेश गंगाजली निधि न्यास (संशोधन) अध्यादेश, 1991 (क्रमांक 2 सन् 1991) का अननुमोदन करता है."

12. शासकीय विधि विषयक कार्य

1 घन्टा

श्री लक्ष्मीनारायण गुप्त, राजस्व मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश गंगाजली निधि न्यास (संशोधन) विधेयक, 1991 (क्रमांक 5 सन् 1991) पर विचार किया जाय.

प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

13. नियम-139 के अधीन सामान्य लोकहित के विषय पर चर्चा

1 घन्टा — गर्भ जल परीक्षण द्वारा लिंग निर्धारण को अवैध घोषित करके बालिका भ्रूण हत्या पर पाबंदी लगाने संबंधी प्रस्ताव पर श्रीमती नेहा सिंह एवं श्री जगदम्बा प्रसाद निगम, सदस्य चर्चा उठायेंगे.

14. नियम-139 के अधीन अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा

1 घन्टा — श्री तेज सिंह सेंधव, सदस्य वनों की सुरक्षा एवं पर्यावरण के सुधार संबंधी चर्चा उठायेंगे.

भोपाल
दिनांक 11 मार्च, 1991

विश्वेन्द्र मेहता
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा